शाहजहांपुर से अशफाक ने पत्नी को किया फोन, पत्नी-अब्बू से बात करने के बाद लखनऊ कोर्ट में नहीं किया आत्मसमर्पण

एटीएस से 'डील' के बाद गुजरात पहुंचे कातिल

खुलासा

बरेली | अवनीश पांडेय

कमलेश की हत्या के बाद बरेली, नेपाल में छिपते घूम रहे हत्या के मुख्य आरोपी अशफाक हुसैन व मोहनुद्दीन पठान 21 अक्टूबर को लखनऊ कोर्ट में समर्पण करने की तैयारी में थे। इसी वजह से वह नेपाल से 20 अक्टूबर की रात में शाहजहांपुर पहुंचे थे। वहीं, से अशफाक ने अपनी पत्नी और पिता से बातचीत की। उन्हें पता लगा कि गुजरात एटीएस से घरवालों की डील हो गई है। इसके बाद उन्होंने लखनऊ कोर्ट में समर्पण करने का इरादा बदल दिया और सीधे गुजरात एटीएस के पास पहुंच गए।

एटीएस गुजरात ने मंगलवार शाम को राजस्थान बार्डर से लगे अरवल्ली जिले में शामलाज में अशफाक और मोहनुद्दीन को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी जितनी आसान लग रही है, दरअसल उतनी है नहीं। एटीएस गुजरात के सामने कमलेश के हत्याभियुक्तों के समर्पण करने की पटकथा 20 अक्टूबर की रात को लिखी जा चुकी थी।

अशफाक के पिता जाकिर और उसकी पत्नी की एटीएस गुजरात के एक अधिकारी से बात हो गई थी। अशफाक ने जब पत्नी के मोबाइल पर कॉल कर लखनऊ जाने की बात कही तो घरवालों ने उनका दिमाग बदल दिया। एटीएस गुजरात की योजना के मुताबिक दोनों को गुजरात बुलाया गया। इस दौरान एटीएस के अफसरों ने अशफाक के घरवालों के मोबाइल कब्जे में ले लिए। इसकी वजह से दोबारा उनकी बात नहीं हो पाई। अशफाक की पत्नी का मोबाइल यूपी की एजेंसियां भी सुन रही थीं।

यही वजह रही कि यूपी की एजेंसियों के पहुंचने से पहले अशफाक और मोहनुद्दीन खुद ही एटीएस गुजरात के बुने जाल में फंस गए। गुजरात पहुंचकर जब उन्होंने संपर्क किया तो एटीएस की टीम सक्रिय हो गई। इसके बाद दोनों को एक पहाड़ी के पास पेट्रोल पंप के किनारे गाड़ी से बुलवाया गया। वहां से एटीएस उनको साथ लेकर गुजरात मुख्यालय चली गई।

मोहनुद्दीन। • फाइल फोटो

अशफाक। • फाइल फोटो

अशफाक की अपनी पत्नी-पिता से बातचीत

पत्नी : हैलो।
अशफाक : हैलो हां भीनू।
पत्नी : कहां हो मेरी जान, कहां हो।
अशफाक : हम लोग कल लखनऊ पहुंच जाएंगे। पापा को फोन कीजिएगे।
पत्नी : हां पापा साथ में हैं। पर प्लीज तुम वहां आ जाओ। हम यहां से प्रोसेस करेंगे, हम सब करके रखें हैं तुम्हारे लिए।
अशफाक : पास्सिबल नहीं है।
पत्नी : क्यों पास्सिबल नहीं है। हां है पापा हमारे साथ, लो पापा से बात कर लो।
जाकिर : हां बेटा अल्लाह साथ है। हमारा अल्लाह होगा। कुछ भी करके यहां आ जाओ तेरा भी अल्लाह होगा। यहां आ जाओ बेटा, नहीं तो हम कैसे भी करके यहां से तुम्हारी लेने आ जाएं।
अशफाक : हम लोग जा रहे हैं, शाहजहांपुर में रुके हैं, कल लखनऊ पहुंचेंगे।
जाकिर : वहां मत जाओ बेटा, ए साइड आ जाओ। उन लोगों ने न बोला है। हम वहां होके आए हैं। बेटा यहां आ जाओ। यहां एटीएस से बात हो गई है। उन्होंने कहा कि हम सब करा देंगे। फोन पत्नी से लेती है।
अशफाक : हैलो बाद में फोन करता हूं।
पत्नी : सेलिंग फोन करना हां प्लीज।
अशफाक : दूसरे का फोन है।
पत्नी : यहां आ जाओ, फोन करोगे न आओगे न कल। तुम अच्छे हो।
अशफाक : अल्लाह का शुक्र है।

चार साल से दीनी तालीम ले रहा था आरोपी अशफाक

सूत्रों के मुताबिक अशफाक ही मुख्य शूटर है। वह तीन साल से दीनी तालीम ले रहा था। मुख्य साजिशकर्ता शहिद ने अशफाक को कमलेश की हत्या के लिए तैयार किया था। मौलाना मोहसिन ने अशफाक को समझाया था कि कमलेश ने पैगंबर का अपमान किया है, इसलिए उसका कत्ल करना जरूरी है।

कमलेश की पत्नी को 15 लाख रुपये की मदद

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमलेश तिवारी के परिवार की मदद के लिए उनकी पत्नी को तात्कालिक रूप से 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही परिवार को सीतापुर की महमूदाबाद तहसील में एक आवास की सुविधा देने का निर्देश भी दिया है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कमलेश तिवारी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए मुख्य अभियुक्तों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही साजिश में शामिल अभियुक्तों के विरुद्ध भी प्रभावी अभियोजन की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने हत्याकांड का ट्रायल फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने का निर्देश दिया है।

मंगलवार को पकड़े गए थे दोनों हत्याभियुक्त: कमलेश तिवारी की नृशंस हत्या करने वाले अशफाक हुसैन और मोहनुद्दीन खुर्शीद पठान को गुजरात एटीएस ने मंगलवार की शाम गुजरात-राजस्थान सीमा से गिरफ्तार किया था। गुजरात के अरवल्ली जिले के शामलाजी से दोनों को पकड़ा गया। इससे पहले दोनों अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर यूपी से निकल गए थे। रास्तों से सूरत में अपने परिवार से संपर्क करने पर वे गुजरात एटीएस के रडार पर आ गए।

गुजरात एटीएस के डीआईजी हिमांशु शुक्ला का कहना था कि दोनों ने अपराध गुनाह भी कबूल कर लिया है। इन्हीं दोनों ने 18 अक्टूबर को लखनऊ के खुर्शीदबाग में कमलेश तिवारी की उनके घर में ही हत्या कर दी थी। दोनों भगवा कुर्ते में वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। हत्या के बाद होटल खालसा इन में कपड़े बदलने के बाद दोनों ने लखनऊ छोड़ दिया था।

राहत

- पीड़ित परिवार को सीतापुर के महमूदाबाद में आवास मिलेगा
- हत्याकांड का फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा मुकदमा

हत्यारों को नेपाल लेकर गया था बरेली का वकील

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

कमलेश तिवारी के हत्यारों को मदद पहुंचाने में बरेली के मौलाना के बाद मुख्य मददगार में एक वकील का नाम भी सामने आया है। वकील ने लखनऊ से लेकर बरेली, नेपाल और शाहजहांपुर तक लगातार हत्याभियोपियों के संपर्क में रहकर उसकी मदद की।

कमलेश तिवारी की जिस दिन हत्या की गई थी, उसी दिन शाम करीब साढ़े सात बजे वकील दोनों हत्यारों को लेकर एक दरगाह पर मौलाना सैयद कैफी अली रजवी के पास गया था। करीबन चार घंटे तक कमलेश के हत्यारे बरेली में रुके थे।

एक थार्मिक स्थल से जुड़े हाईप्रोफाइल वकील के तार बरेली से लेकर दिल्ली तक जुड़े हैं। 18 अक्टूबर को लखनऊ में हिन्दू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या करने के आरोपी सूरत में ग्रीन सू अपार्टमेंट पदमावती सोसाइटी के रहने वाले अरफाक शेख और मोहनुद्दीन पठान बरेली आ गए थे। उन्होंने बरेली पहुंचने से पहले वकील को फोन किया। वहां उसने मौलाना सैयद कैफी अली रजवी से मिलवाया। हाथ में गोली लगने की वजह से शरीर में झनझनाहट है। वकील ने पूछा कि गोली लगी कैसे, जिस पर हत्यारोपियों ने लखनऊ का वाकया इस प्रकार बताया। कमलेश तिवारी के ऑफिस में बैठे थे। अशफाक ने कमलेश से कहा कि मैं आपको कान में कुछ बताना चाहता हूं। जब कमलेश उसकी बात सुनने के लिए आगे हुए तो अशफाक ने कान के पास जाकर उसके गले पर चाकू मार दिया। इससे कमलेश को चीख निकल गई। मोहनुद्दीन ने लपककर उसका मुंह दबा दिया। अशफाक ने कमलेश के मुंह पर गोली मारी।

नेपाल में घनगढ़ी सीमा से गाड़ी से घुसे

18 अक्टूबर की रात को खाना खिलाने के बाद वकील ने एक गाड़ी का इंतजाम कराया। उसके जरिए घनगढ़ी सीमा होते हुए हत्याकांडी नेपाल में दाखिल हो गए। नेपाल से उन्होंने कई जगहों पर बात की। 19 अक्टूबर को पूरे दिन और 20 अक्टूबर की शाम तक दोनों कातिल नेपाल में रहे। इस दौरान उनके रहने-खाने की सारी व्यवस्था वकील ने की।

मौलाना के उठने के बाद अंडरग्राउंड हो गया वकील

हत्या के चार घंटे बाद ही एटीएस और एसटीएफ को पता लग गया था कि हत्यारे बरेली गए हैं। छानबीन कर एटीएस सीमावर मौलाना सैयद कैफी अली रजवी को हत्यारोपियों की मदद करने के आरोप में उठाकर लखनऊ ले गई थी। एटीएस मुख्यालय में उससे पूछताछ की जा रही है। मौलाना के उठाए जाने के बाद ही वकील का नाम सामने आया।

पुलिस ने तीन संदिग्धों को उठाया, लखनऊ ले गए

पलियाकलां | सीतीं | हिन्दुस्तान संवाद

हिन्दू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या के मामले में मंगलवार की देर रात पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है।

तीनों को एसटीएफ को सौंपा गया है। कमलेश हत्याकांड को लेकर शहर से अब तक सात लोग उठाए जा चुके हैं।

सही इंट्री न होने पर मैनेजर को उठाया

मंगलवार की देर शाम पुलिस की टीमें शहर स्थित सभी होटलों की सघन चेकिंग के साथ अभिलेखों को चेक कर रही थीं। इस दौरान बाईपास के एक होटल में पुलिस टीम को अभिलेखों में तथ्यसंगी मिली जिस पर टीम ने होटल के मैनेजर को उठा लिया। कोतवाली में कड़ी पंतावनी के बाद मैनेजर को टीम ने छोड़ा।

मंगलवार को पलिया शहर को पुलिस ने कुछ ही देर में छावनी में तब्दील कर दिया था। एसपी पूनम ने शहर में पहुंचकर एक-एक होटल को चेक करते हुए गश्त भी की थी। देर रात तक एसपी पलिया में मौजूद रहीं। पुलिस की कई टीमें सिविल ड्रेस में छापामार कार्रवाई में जुटी रहीं। कार्रवाई के दौरान सम्पूर्णानगर, निघासन, चंदन चौकी, गौरीफंटा पुलिस बल के अलावा क्राइम ब्रांच व एसटीएफ के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। मोहल्ला गंगरेजान से तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। अब तक पुलिस पलिया शहर के सात लोगों को उठा चुकी है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

हत्यारे सम्मेलन में कत्ल करना चाहते थे

लखनऊ। कमलेश तिवारी ने 18 अक्टूबर को लखनऊ में एक बड़ा सम्मेलन करने की तैयारी की थी। इसका खूब प्रचार किया गया था। दूर-दराज के लोगों का इसका निमंत्रण भी दे दिया था।

हत्यारों को जब इस आयोजन का पता चला तो इस सम्मेलन में सबके सामने ही कमलेश तिवारी की हत्या करने पर सहमति बनी थी। यही वजह थी कि 16 को सूरत से चलकर 17 अक्टूबर को रात दोनों हत्यारे लखनऊ पहुंचे थे। हत्यारे लखनऊ आए और रात 11 बजे 'चेक इन' कर लिया। बाहर घूमने निकले। इस दौरान ही इन्हें पता चला कि कमलेश का 18 अक्टूबर को होने वाला सम्मेलन टल गया है।

SHIRT
TROUSER & JEANS
SALE
Festival Offer
upto 60% off
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 45082188
ARROW ColorPlus PARK AVENUE LOUIS PHILIPPE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

बर्दाश्त नहीं करने की है नीति: जोमैटो

नई दिल्ली। तिवारी हत्या मामले में अपने एक डिलिवरी ब्वाय की गिरफ्तारी के बाद ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनी जोमैटो ने बुधवार को कहा कि कानून तोड़ने वाले किसी के लिए भी उसकी कंपनी में कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। दोषी पर कार्रवाई होनी चाहिए। हत्यारे अशफाक हुसैन और मोहनुद्दीन पठान की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर जोमैटो ट्रोल किया गया।

सत्यवती महाविद्यालय
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
जनक विहार, जनक पुरी दिल्ली-110062
फोन नं.: 011-27833450
वेबसाईट: www.satyawati.du.ac.in

एसीटी/टीएचए/2019/01

निम्नलिखित विषयों में स्थायी आधार पर सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जिनका प्रारम्भिक वेतनमान सीमित वेतन स्तर 10 में रु. 57,700/- तथा अन्य निर्धारित भत्ते जो कि दूसरी/तीसरी विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों को देय हैं।

क्र.	विभाग / विषय	कुल	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अना-क्षित वर्ग	विभाग/ जन	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, वर्ग
1.	वाणिज्य	07	01	01	02	03	-	-
2.	अर्थशास्त्र	10	01	01	03	03	01 (एससी)	01
3.	अंग्रेजी	05	01	-	01	02	-	01
4.	इतिहास	04	01	-	02	-	1 (पीएच)	-
5.	गणित	01	-	-	01	-	-	-
6.	राजनीति विज्ञान	04	01	-	01	02	-	-
7.	संस्कृत	01	01	-	-	-	-	-
8.	उर्दू	03	-	-	-	02	-	01

योग्यता: दृष्टि बाधित निःशक्त व्यक्ति होना एवं नेत्र दृष्टि अनिवार्य है, इसकी जांच मेडिकल विभाग जिसमें कुछ नेत्र से निकट हो चुकी, बीएससी, एमिक अकादमिक से सिद्धित तथा स्नातकोत्तर अनिवार्य है।

ऑनलाइन आवेदन आदि की अंतिम तिथि 18.11.2019 अथवा रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दो सप्ताह, जो भी बाद में हो। विस्तृत विवरण एवं ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के लिए, कृपया महाविद्यालय की वेबसाइट www.satyawati.du.ac.in. अथवा वेब-लिंक https://colrec.du.ac. देखें। किसी भी अनुरोध पूछताछ को सत्यवती महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।

प्राचार्य-
डॉ. मंजुला यादव
प्राचार्य (स्वायत्तता)

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

01.10.2019 से 30.09.2020 तक की अवधि हेतु उपयोगता शुल्क संग्रहण के लिए संविदाकारों की पूर्व योग्यता

भा.रा.रा.प्रा. की ओर से भा.रा.रा.प्रा. के अधीन आगामी 230 भौतिक पहलुओं पर उपयोगता शुल्क संग्रहण के लिए पूर्व योग्यता पाने हेतु इच्छुक निविदाकारों/संविदाकारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नेट वर्थ के आकलन अथवा किसी तकनीकी योग्यता की आवश्यकता नहीं है। दिनांक 01.10.2019 से प्रभावी की निविदाकार पूर्व योग्यता प्राप्त निविदाकारों की सूची में होंगे, केवल उन्हें अपनी निविदा दर में—कोटेशन जमा करने की अनुमति होगी। दिनांक 01.10.2019 से आगामी 1 अगस्त तक पूर्व योग्यता प्राप्त निविदाकारों को 30.11.2019 तक की अतिरिक्त अवधि के दौरान निविदा निविदाकार का ई-मेल पंजीकरण कराने की अनुमति होगी।

पूर्व योग्यता प्राप्त निविदाकारों की सूची 30.09.2020 तक वैध रहेगी।

पूर्व योग्यता (अहरताकण) के लिए आवेदन 01.10.2019 को या पश्चात भा.रा.रा.प्रा. द्वारा जारी किए जाएंगे। पूर्व योग्यता की प्रक्रिया सूची है (अंतिम तिथि नहीं है)। विस्तृत विवरण, आवश्यक प्रपत्रादि आदि के लिए, कृपया भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट www.nhai.gov.in देखें। किसी पूछताछ के लिए, कृपया श्री अमरेश कुमार, महाप्रबंधक (योजना), ई-मेल: amarkumar@nhai.org से संपर्क करें।

सड़कें हैं नहीं, राष्ट्र का निर्माण हैं

मुंजाल शोवा लिमिटेड
सीआईएन: L34101HR1985PLC029634
पंजीकृत कार्यालय एवं फैक्ट्री: 9-11, मानेसर इंडस्ट्रियल एरिया, सैक्टर 18, गुरुग्राम-122018 (हरियाणा), फोन: +91-124-4783000 फैक्स: +91-124-2341359
ई-मेल: cs.ms@munjalshowa.net; वेबसाईट: www.munjalshowa.net

सूचना

सतोपित प्रतिभूति विनियम बोर्ड (सूचीबध्द दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएंवां) विनियमावली, 2015 की विनियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक बुधवार, 06 नवम्बर, 2019 को आयोजित की जाएगी जिसमें, अन्य विषयों के अतिरिक्त, कम्पनी के 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं उन्हें अनुमोदित किया जायेगा।

सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.munjalshowa.net एवं बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

मंडल के आदेश से
मुंजाल शोवा लिमिटेड हेतु
हस्ता./-
(नीतिन्द्रजित सिंह)
कम्पनी सचिव

स्थान : गुरुग्राम
तिथि : 23 अक्टूबर 2019

इस त्यौहार का जश्न मनाएं, प्रेस्टीज उत्पादों पर आकर्षक डिस्काउंट और ऑफरों के साथ*।

प्रेस्टीज
शुभउत्सव
28 नवंबर 2019 तक
amazon & Flipkart पे भी उपलब्ध

61% मुफ्त — खरीदिए एज मास-टॉप 3 बर्नर गैस स्टोव - PEBS 03 (1U) ₹10 895.00 मूल्य का + पाइए नक्श ब्यूटी हार्ड एनोडाइज्ड 3 ली. प्रेशर हांडी (1U) + ओमेगा डीलक्स ग्रेनाइट 3 पीस नॉनस्टिक कुकवेयर सेट (1U) + केटल PKOSS 1.5 (1U) कम्बाइन्ड प्राइस रु 685.00

44% मुफ्त — खरीदिए कोई भी विस्ता-अनि (22cm) 5 ली प्रेशर कुकर (1U) ₹4 020.00 मूल्य का + पाइए PKOSS 1.0 (M) (1U) केटल ₹1 795.00 मूल्य का

49% मुफ्त — खरीदिए नक्श पल्स 5 ली प्रेशर कुकर (1U) ₹2 016.00 मूल्य का + पाइए ओमेगा डीलक्स ओमनी तवा (280mm) (1U) ₹890.00 मूल्य का

66% मुफ्त — खरीदिए ओमेगा डीलक्स 3 पीस नॉनस्टिक कुकवेयर सेट (1U) ₹3 200.00 मूल्य का + पाइए नक्श पल्स 5 ली. प्रेशर हांडी (1U) ₹2 130.00 मूल्य का

51% मुफ्त — खरीदिए किचनट्रेन पल्स 750 वॉट्स मिक्सर ग्राइंडर (1U) ₹5 995.00 मूल्य का + पाइए नक्श स्टेनलेस राउंड डब्बी, स्टेंड वाला प्रेशर कुकर (1U) ₹3 100.00 मूल्य का

56% मुफ्त — खरीदिए इंडक्शन कुकटॉप PIC 3.1 V3 (1U) ₹4 995.00 मूल्य का + पाइए नक्श ब्यूटी पल्स हार्ड एनोडाइज्ड डबी प्रेशर डबी (1U) ₹2 780.00 मूल्य का

42% मुफ्त — खरीदिए तवा कॉल्ड स्टॉट न्यूनीकलर (1U) ₹4 496.00 मूल्य का + पाइए नक्श 5 ली प्रेशर कुकर (1U) ₹1 920.00 मूल्य का

39% मुफ्त — खरीदिए टाम्पुर 03 (1U) ₹3 595.00 मूल्य का + पाइए मीडियम मॉप PSB 01 DLX (1U) ₹1 595.00 मूल्य का

61% कम्बाइन्ड ऑफर — ब्रेकफास्ट सेट 3 पीस (1U) कम्बाइन्ड प्राइस ₹1 384.00 ऑफर मूल्य ₹2 690.00

छोटे एप्लायेंसेस फ्लेट 25% की छूट

Prestige
जो अपनों से करे प्यार, वो प्रेस्टीज से कैसे करे इंकार।

*शर्तें लागू, ऑफर्स केवल एक्सक्लूसिव पर, कोई भी दो ऑफर एक साथ जोड़ी नहीं जाएंगी, ऑफर्स पुरानी मॉडल्स पर स्टॉक रहने तक, ऑफर पुरानी स्टोर्स पर बैध, आकर्षक कलेक्शन, लिमिटेड, बीता, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में लागू नहीं.

Prestige Exclusive — Lajpat Nagar: J-38, Lajpat Nagar - II, Near Home Sear - Ph: 46118889, 40803939; Karol Bagh: G-2, Nemthari Chambers, 9/54, D.B. Gupta Road, 23520913642; Mehrauli: 1065/8, Ward No. 1, Near Mehrauli Bus Stand - Ph: 9910507422, 45090125; Janakpuri: C-3/C/190, Pkt 12, Next To Janak Shoes, Near Central School, Ph: 9873636205, 42432544; Krishna Nagar: Lalquarter, A-5/17, Main Jheel Road, Near Kapoor Jewelers, Ph: 9582745428, 22408119